# सीएम धामी से मिला रेडक्रास का प्रतिनिधिमंडल



■ राज्य शाखा में चल रहे विवाद और प्रशासनिक हस्तक्षेप से उत्पन्न परिस्थितियों से अवगत कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/रूद्रप्रयाग।** भारतीय रेडक्रास सोसाइटी उत्तराखंड राज्य शाखा से जुड़े एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सचिवालय में मुलाकात कर राज्य शाखा में चल रहे विवाद और प्रशासनिक हस्तक्षेप से उत्पन्न परिस्थितियों से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि रेडक्रास एक स्वायत्त संस्था है, जिसका संचालन रेडक्रास अधिनियम एवं निर्धारित नियमावली के तहत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक प्रशासनिक हस्तक्षेप से संस्था की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है और इससे जनहित से जुड़े कार्यों पर भी असर पड़ रहा है।

रुद्रप्रयाग के निर्वाचित राज्य प्रतिनिधि अजय सेमवाल ने जानकारी दी कि अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग और टिहरी सहित कई जिलों की रेडक्रास शाखाओं के चेयरमैन व पदाधिकारियों ने राज्यपाल एवं राज्य शाखा को जिलाधिकारियों के माध्यम से पत्र भेजे हैं। इन पत्रों में स्पष्ट कहा गया है कि रेडक्रास जैसी मानवीय संस्था में प्रशासनिक हस्तक्षेप अनुचित है और इससे संस्था की निष्पक्षता प्रभावित हो रही है।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल वाइस चेयरमैन मनोज सनवाल ने हाल ही में स्वास्थ्य सचिव द्वारा एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी बालमायंक मिश्रा एवं एक आयुर्वेदिक कॉलेज के प्रोफेसर के समर्थन में जारी पत्र पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना था कि इससे यह संदेश जा रहा है कि प्रशासन एक पक्ष विशेष को संरक्षण दे रहा है, जबकि मामले का समाधान निष्पक्ष और नियमसम्मत तरीके से होना चाहिए।

जिला शाखाओं ने अपने पत्रों में चेतावनी दी है कि यदि 8 मई तक मामले का न्यायोचित समाधान नहीं हुआ तो प्रदेशभर की शाखाएं संयुक्त रूप से "रेडक्रास बचाओ अभियान" शुरू करने को बाध्य होंगी।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि रेडक्रास की गरिमा, स्वायत्तता और मानवीय मूल्यों को बनाए रखते हुए मामले का शीघ्र समाधान कराया जाए, ताकि संस्था पुनः पूरी क्षमता के साथ जनसेवा कार्यों में सक्रिय हो सके।

इस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रशासनिक हस्तक्षेप पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए मौके पर मौजूद सूचना महानिदेशक वंशीधर तिवारी को प्रकरण के त्वरित निस्तारण के निर्देश हैं।

# शिक्षण संस्थानों में सैंपलिंग व मेडिकल स्टोर्स की निगरानी के निर्देश



■ नशे के सौदागरों पर एडीएम केके मिश्रा का कड़ा प्रहार
■ बोले- सामाजिक जिम्मेदारी है नशामुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** देवभूमि को नशामुक्त बनाने के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन अब बेहद सख्त रुख में नजर आ रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को अपर जिलाधिकारी के.के. मिश्रा ने जिला स्तरीय नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में एडीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि नशे का कारोबार करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और इसके लिए सभी जांच एजेंसियों को एकजुट होकर प्रहार करना होगा।बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी के.के. मिश्रा ने युवाओं में बढ़ते केमिकल नशे पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने शिक्षा विभाग और पुलिस को निर्देशित किया कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में न केवल एंटी-ड्रग्स कमेटियों को सक्रिय किया जाए, बल्कि वहां समय-समय पर औचक निरीक्षण और संदिग्ध छात्रों की रैंडम सैंपलिंग भी की जाए। एडीएम ने कहा कि नशे के जाल को जड़ से काटने के लिए सप्लाई चेन को तोड़ना जरूरी है, जिसके लिए एएनटीएफ, एसटीएफ, पुलिस और ड्रग्स विभाग को आपसी समन्वय बढ़ाना होगा।बैठक में एसडीएम सदर कुमकुम जोशी, सीओ जगदीश पंत समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्हें एडीएम ने नशामुक्ति अभियान को मिशन मोड पर चलाने की जिम्मेदारी सौंपी।

### मेडिकल स्टोर और संवेदनशील इलाकों पर कड़ी नजर

एडीएम के.के. मिश्रा ने औषधि विभाग को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से चालू रहने चाहिए। उन्होंने बिना फार्मासिस्ट के दवाओं की बिक्री करने वाले स्टोरों पर तत्काल कार्रवाई की बात कही। साथ ही, स्कूलों के आसपास के संदिग्ध इलाकों में पुलिस की गश्त और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया ताकि नशा तस्करों के मंसूबों को नाकाम किया जा सके। बैठक में एडीएम ने नशामुक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा भी की। उन्होंने बताया कि अनियमितता पाए जाने पर कई केंद्रों के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है और अब जनपद में श्बाल पुनर्वास केंद्र (चाइल्ड रिहैबिलिटेशन सेंटर) स्थापित करने की प्रक्रिया को भी तेज कर दिया गया है। उन्होंने रायवाला स्थित 30 बेड वाले सरकारी नशामुक्ति केंद्र की सराहना की, जहां से हाल ही में 6 मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटे हैं।

# पुलिस ने पकड़ी अंग्रेजी शराब, दो तस्कर गिरफ्तार

■ एसएसपी के निर्देशन में चल रहा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में नशा तस्करों के खिलाफ एसएसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे श्ऑपरेशन प्रहारश के तहत नेहरू कॉलोनी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक वैगन-आर कार से 15 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त वाहन को भी पुलिस ने मौके पर सीज कर दिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून के निर्देशों पर जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नेहरू कॉलोनी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक कार के जरिए शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बद्रीश कॉलोनी के पास घेराबंदी की और संदिग्ध कार को रोककर उसकी तलाशी ली।

कार की तलाशी लेने पर पुलिस को उसके भीतर से 15 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब (इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की) बरामद हुई। कार सवार व्यक्तियों की पहचान 27 वर्षीय अरुण तिवारी निवासी आईएसबीटी ऋषिकेश और 56 वर्षीय महेंद्र रौतेला निवासी ढालवाला, टिहरी गढ़वाल के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना नेहरू कॉलोनी में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। शराब तस्करी में इस्तेमाल की जा रही वैगन-आर कार को भी पुलिस ने कब्जे में लेकर सीज कर दिया है।

# दून जू में हिमालयी काला भालू बाड़े का उद्घाटन



■ केंद्रीय चिड़ियाघर से अनुमति के बाद पर्यटकों के लिए खोला गया ■ बीते वर्ष बाघ का दीदार करने पहुंचे 1.50 लाख पर्यटक: उनियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** दून जू में बुधवार को हिमालयी काला भालू बाड़े का उद्घाटन कर उसे पर्यटकों के लिए खोल दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने किया। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से अनुमति मिलने के बाद यह बाड़ा तैयार कर पर्यटकों के अवलोकन के लिए शुरू किया गया है।

वन मंत्री ने बताया कि भालू बाड़े का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार किया गया है। यह बाड़ा देहरादून जू के 20 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले सफारी क्षेत्र में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष बाघ को दर्शकों के लिए खोले जाने से लगभग 1.50 लाख पर्यटक पहुंचे और करीब 1.50 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। अब भालू बाड़े के खुलने से पर्यटकों की संख्या में और वृद्धि होने की उम्मीद है।

प्रमुख सचिव वन आर.के. सुधांशु ने बताया कि वर्तमान में बाड़े में एक नर हिमालयी काला भालू रखा गया है, जिसे चकराता वन प्रभाग के कनासर क्षेत्र से रेस्क्यू कर यहां लाया गया था। भालू की उम्र लगभग दो वर्ष बताई गई है। उन्होंने कहा कि यह पहल वन्यजीव संरक्षण और जन जागरूकता को बढ़ावा देगी। साथ ही जल्द ही सफारी क्षेत्र भी पर्यटकों के लिए खोला जाएगा।

प्रमुख वन संरक्षक रंजन कुमार मिश्र ने जानकारी दी कि भविष्य में सफारी क्षेत्र में सफेद टाइगर और स्ट्राइप्ड हायना लाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में

विवेक पाण्डे, अपर प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव), उत्तराखण्ड, नरेश कुमार, अपर प्रमुख वन संरक्षक, प्रशासन, सुरेन्द्र मेहरा, अपर प्रमुख वन संरक्षक, मीनाक्षी जोशी अपर प्रमुख वन संरक्षक, पीके पात्रो मुख्य वन संरक्षक, डॉ. धीरज पाण्डे, मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल, राजीव धीमान वन संरक्षक शिवालिक वृत्त, डॉ. चन्द्रशेखर सनवाल, वन संरक्षक डॉ. कोको रोसे, निदेशक राजाजी, निदेशक देहरादून जू एवं प्रभागीय वनाधिकारी नीरज कुमार, अमित कंवर, प्रभागीय वनाधिकारी, मसूरी, मयंक गर्ग, प्रभागीय वनाधिकारी कालसी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर .......

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में मिली जीत की खुशी मनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सरदार पटेल मंडल के अध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की खुशी में उत्साहपूर्वक मिठाई वितरित कर जश्न मनाया।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों एवं एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की तथा जीत का उल्लास साझा किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला। कार्यक्रम में कैंट विधायक सविता कपूर, पूर्व महानगर अध्यक्ष सीताराम भट्ट, महानगर कोषाध्यक्ष बबलू बंसल, महामंत्री मनोज कम्बोज, अजय सिंह, पार्षद मीनाक्षी मौर्य, पार्षद डोली मोहन, सुमन सिंह, विशाल बिरला, ओजस्वी वर्मा, हितेश चौधरी, राज डिमरी, मृगेंद्र कपूर, राजेश सिंह, भारती गांगुली, नीरज रतूड़ी, रोमा देवी, मलकीत सिंह, मुकेश डबराल, शर्मिला शर्मा, इजराइल मलिक सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एआई प्लस स्मार्टफोन ने फिर से शुरू की नोवा की बिक्री

**देहरादून।** एआई प्लस स्मार्टफोन ने आज अपने सबसे अधिक मांग वाले दो डिवाइस नोवा 2 और नोवा 2 अल्ट्रा 5जी की बिक्री फिर से शुरू करने की घोषणा की है। नोवा 2, जिसे रोजमर्रा के भरोसेमंद उपयोग और एक्सप्रेसिव डिजाइन को ध्यान में रखकर बनाया गया है, और नोवा 2 अल्ट्रा 5जी, जो नोवा सीरीज का सबसे एडवांस और पूर्ण अनुभव प्रदान करता है, अब उपभोक्ताओं को दोबारा उपलब्ध होंगे। एआईप्लस स्मार्टफोन के सीईओ और नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के फाउंडर माधव शेठ ने कहा, नोवा 2 और नोवा 2 अल्ट्रा 5जी को मिला रिस्पॉन्स बेहद उत्साहजनक रहा है, जो यह दर्शाता है कि ऐसे स्मार्टफोन्स की मांग तेजी से बढ़ रही है जो भरोसेमंद प्रदर्शन व सार्थक इनोवेशन प्रदान करते हैं।

### भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने सचिव विद्यालयी शिक्षा को पत्र किया प्रेषित

**देहरादून।** भाजपा नेता रवीन्द्र जुगरान ने सचिव विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन रविनाथ रमन को पत्र प्रेषित कर बीआरपी/सीआरपी के पदों पर प्रतीक्षा सूची जारी करने के लिए हस्तक्षेप की मांग की। अपने प्रेषित पत्र में रवीन्द्र जुगरान ने उल्लेख किया की ठत्च्ब्त्च के पदों पर नियमानुसार लगभग 04 माह पूर्व प्रतीक्षा सूची जारी हो जानी चाहिए थी जो आज दिनांक तक नही हुई यद्यपि निदेशक एवं महानिदेशक ने सभी संभव प्रयास कर लिये हैं। रवीन्द्र जुगरान ने पत्र में उल्लेख किया ऐसा प्रतीत होता है की शिक्षा निदेशालय का आउटसोर्सिंग ऐजेंसी पर कोई अंकुश नही है और आउटसोर्सिंग ऐजेंसी मनमानी करने पर उतारू है। रवीन्द्र जुगरान ने अवगत कराया की लगभग 300 पदों पर प्रतीक्षा सूची जारी होनी है और पात्र अभ्यर्थी शिक्षा निदेशालय के लगातार चक्कर काट कर परेशान व हताश हो चुके हैं। रवीन्द्र जुगरान ने सचिव शिक्षा से अनुरोध किया कि शिक्षा विभाग व आउटसोर्सिंग ऐजैसी के मध्य करार के अनुसार कार्यवाही की जाय।

# मुख्यमंत्री ने विकास योजनाओं के लिए प्रदान की 4.42 करोड़ की धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद चम्पावत, उत्तरकाशी एवं पिथौरागढ़ से संबंधित विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 4.42 रुपए करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

मुख्यमंत्री द्वारा सभी विकास योजनाओं से संबंधित प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधित विभागों को कार्यों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अंतर्गत मुख्यमंत्री घोषणा "भिंगराड़ा मंदिर सील का सौन्दर्यकरण" के लिए 74.25 लाख रुपए की स्वीकृति के सापेक्ष अवशेष 29.70 लाख रुपए, "कंकराली टनकपुर से मां पूर्णागिरी धाम तक यात्रा मार्ग में स्ट्रीट लाइट स्थापना" कार्य हेतु 5.00 करोड़ रुपए की स्वीकृति के सापेक्ष 2.00 दो करोड़ रुपए, की वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र पुरोला में "न्याय पंचायत मुख्यालय जखोल/फिताड़ी में श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण का समतलीकरण एवं सौन्दर्यीकरण" कार्य हेतु 1.43 करोड़ रुपए की स्वीकृति के सापेक्ष प्रथम किश्त 10.00 लाख रुपए की धनराशि पूर्व में जारी किए जाने के पश्चात् शेष धनराशि 1.33 रुपए करोड़ का 60 प्रतिशत 80.06 रुपए लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जिला स्तरीय कार्यकारी समिति पिथौरागढ़ के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव तथा राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की पंचम बैठक में अनुमोदित "एक जनपद-एक नदी" योजना के अंतर्गत जनपद पिथौरागढ़ की गुरघटिया नदी के पुनर्जीवीकरण हेतु 6.59 करोड़ के सापेक्ष प्रथम चरण में 40 प्रतिशत धनराशि 1.32 करोड़ की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# प्रदेश में कानून व्यवस्था हुई बेपटरी: माहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सीडब्ल्यूसी सदस्य करन माहरा ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह बेपटरी हो चुकी है। जिस प्रदेश को शांति और आस्था की भूमि कहा जाता है, वहीं आज हालात इतने भयावह हो गए हैं कि 'रक्षक ही भक्षक' बनते नजर आ रहे हैं। भाजपा सरकार सिर्फ बड़े-बड़े दावे करने तक सीमित रह गई है, जबकि जमीन पर सच इसके बिल्कुल उलट है।

माहरा ने कहा कि चम्पावत की शांत वादियों में घटी यह दरिंदगी भरी घटना न केवल मानवता को शर्मसार करती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि सत्ता के संरक्षण में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं। एक मासूम 10वीं की छात्रा, जो अपने परिचितों के बीच एक खुशियों से भरे कार्यक्रम में गई थी, उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया गया और आरोप भी ऐसे लोगों पर हैं जो सत्ता और समाज में प्रभाव रखते हैं। इस घटना की क्रूरता यहीं खत्म नहीं होती। दरिंदों ने न सिर्फ उसके साथ हैवानियत की, बल्कि उसे बंधक बनाकर मारपीट की, हाथ-पैर बांधकर कमरे में बंद कर दिया और मौके से फरार हो गए। अगर देर रात पीड़िता किसी तरह अपने घर फोन न कर पाती, तो शायद हालात और भी भयावह हो सकते थे।

# वित्त वर्ष 26 में लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री की मजबूत बढ़त

**देहरादून।** लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री ने वित्त वर्ष 26 में मजबूत बढ़त दर्ज की। नया बिजनेस प्रीमियम (एनबीपी) साल-दर-साल 15.7 फीसदी बढ़कर 4,59,713 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष25 में 3,97,337 करोड़ रुपये था। मार्च 2026 में इंडस्ट्री ने नया बिजनेस प्रीमियम के रूप में 75,872 करोड़ रुपये जुटाए, जो मार्च 2025 के 61,439 करोड़ रुपये की तुलना में उल्लेखनीय बढ़ोतरी है। इससे साफ है कि व्यक्तिगत (इंडिविजुअल) और ग्रुप दोनों सेगमेंट में बीमा की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। इस बढ़त में सबसे बड़ा योगदान ग्रुप बिजनेस का रहा, जो इंडस्ट्री की कुल वृद्धि का प्रमुख आधार बना रहा। इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) सेगमेंट भी मजबूत बना रहा, जिससे रिटेल ग्राहकों की लगातार भागीदारी दिखी। कमलेश राव, चेयरपर्सन, इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी (आईएसी-लाइफ) ने कहा, वित्त वर्ष26 में लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री का मजबूत प्रदर्शन यह दिखाता है कि लोगों में बीमा को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और भारतीय परिवार अब धीरे-धीरे वित्तीय सुरक्षा की योजना बनाकर चल रहे हैं।

# स्कूल विवाद में बच्चों की पढ़ाई हो रही प्रभावित: एनएपीएसआर

■ सुरक्षा को लेकर अभिभावकों ने उठाई चिंता, सचिव व डीएम को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** रायपुर रोड स्थित सुंदरवाला क्षेत्र में रक्षा अनुसंधान विद्यालय और डीएवी पब्लिक स्कूल के बीच चल रहे विवाद का असर अब बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा पर पड़ने लगा है। इस संबंध में नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स (एनएपीएसआर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान ने शिक्षा सचिव और जिलाधिकारी को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है।

पत्र में बताया गया है कि रक्षा अनुसंधान विद्यालय का संचालन पिछले कई वर्षों से हो रहा था, जहां आसपास के मध्यम और निम्नवर्गीय परिवारों के बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। आरोप है कि 21 अप्रैल को अभिभावक जब बच्चों को लेने स्कूल पहुंचे तो वहां स्कूल का नाम बदलकर डीएवी पब्लिक स्कूल कर दिया गया था। इस पर अभिभावकों ने आपत्ति जताई और बिना पूर्व सूचना स्कूल संचालन दूसरे प्रबंधन को सौंपने पर सवाल उठाए।अभिभावकों का कहना है कि उन्हें बताया गया कि 20 अप्रैल को ही स्कूल का करार नए प्रबंधन के साथ हो चुका है और अब उनके पास या तो बच्चों को नए स्कूल में पढ़ाने या फिर स्कूल छोड़ने का विकल्प है। इसके बाद 22 अप्रैल से नए प्रबंधन द्वारा फीस में बढ़ोतरी कर दी गई और एडमिशन शुल्क 1100 रुपये से बढ़ाकर 6400 रुपये कर दिया गया।आरोप है कि फीस और अन्य मुद्दों पर बात करने पहुंचे अभिभावकों के सामने बाउंसर तक बुलाए गए। वहीं, लगातार विवाद की स्थिति के चलते स्कूल में आए दिन छुट्टियां घोषित की जा रही हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अभिभावकों के अनुसार, 20 अप्रैल से अब तक नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं और कभी-कभार ऑनलाइन कक्षाओं का सहारा लिया जा रहा है, जो सभी के लिए संभव नहीं है।

पत्र में यह भी कहा गया है कि नियमानुसार किसी स्कूल को बंद या स्थानांतरित करने से पहले एक वर्ष पूर्व सूचना दी जानी चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं किया गया।

# सड़कों की खुदाई, अंडरग्राउण्ड केबलिंग व ब्लैक टॉपिंग का कार्य जून तक करें पूरा: सीएस



■ देहरादून में विद्युत लाईनों की अंडरग्राउण्ड केबलिंग को लेकर ऊर्जा विभाग एवं जिलाधिकारी के साथ महत्वपूर्ण बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में देहरादून में विद्युत लाईनों की अंडरग्राउण्ड केबलिंग को लेकर ऊर्जा विभाग एवं जिलाधिकारी देहरादून के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। मुख्य सचिव ने पिटकुल को निर्देश दिए कि सड़कों की खुदाई एवं अंडरग्राउण्ड केबलिंग और ब्लैक टॉपिंग का कार्य जून माह तक पूर्ण कर लिया जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि पिटकुल को सभी फ्रंट पर एक साथ कार्य खोलने के बजाय कुछ फ्रंट पर कार्य खोलकर अपनी सभी लेबर को एक ही जगह कंसंट्रेट करते हुए कार्य को निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इससे पूरे शहर की सड़कें खुदने के बजाय कुछ हिस्सों में अधिक लेबर लगाने से कार्य ज्यादा तेजी से होगा। इससे शहरवासियों को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी देहरादून के साथ लगातार सम्पर्क बनाते हुए अपने कार्य को तय समय सीमा के साथ पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी देहरादून को भी अंडरग्राउण्ड केबलिंग की प्रगति की साप्ताहिक मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक जगह कार्य पूर्ण होने के बाद ही आगे के कार्य शुरू किए जाने की परमिशन दी जाए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल एवं पिटकुल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हमें सनातन धर्म को कभी नहीं भूलना चाहिए: दीप्ति रावत

■ श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ का समापन, अहंकार त्याग का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** हर्रावाला क्षेत्र में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का समापन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। समापन अवसर पर व्यास कालिका प्रसाद (कान्हा) थपलियाल ने कहा कि भागवत का सार यही है कि मनुष्य को अपने पितरों को कभी नहीं भूलना चाहिए। साथ ही उन्होंने चेताया कि जिस व्यक्ति के भीतर अहंकार उत्पन्न होता है, भगवान उससे नाराज हो जाते हैं।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि हमें सनातन धर्म को कभी नहीं भूलना चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक ब्रिज भूषण गेरौला ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण की शुरुआत उत्तराखंड की पवित्र धरती से ही हुई है।

कार्यक्रम में मूलचंद शीर्षवाल (ग्राम प्रधान), संजय सिंह चौहान, विक्रांत सिंह चौहान, डॉ. बबीता रावत, विमलेश देवी, राजपाल सिंह रावत, पुष्पा, चिकी, भावना, देवेंद्र छेत्री, भारत शर्मा, शुभम यादव, ठाकुर अजय सिंह चौहान सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का श्रवण किया।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय: "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स नं0: 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक: 389 दि0: 06.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद- द्वितीय) लजवि, मनेरी, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :

**निविदा संख्या: 01/अधि अभि (जानपद-द्वितीय)/लजवि/मनेरी/2026-27**

**कार्य का नाम:** जनपद देहरादून में गलोगी विद्युतगृह हेतु क्यारकुली-भट्टा नदी पर देहरादून-भितराली मोटर मार्ग से पैदल नदी पार व्यवस्था का निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत:-** रू0 22,54,442.00 लाख मात्र (जी.एस.टी. अतिरिक्त)

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 07.05.2026 को 17:00 बजे से

**निविदा जमा करने की तिथि :** 26.05.2026 को 15:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद-II), लजवि, मनेरी, उत्तरकाशी**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 386 दिनांक 06.05.2026

**ई-निविदा सूचना**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), खोदरी विद्युतगृह, डाकपत्थर (देहरादून), निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाआमंत्रित करता है। निविदा का विवरण निम्नवत है:-

ई-निविदा सं0-04/EE(Maint.)/Khodri/2026-27: खोदरी विद्युत गृह पर सेल्फ लुबरिकेटिगं गाईड वेन बुश (टोप, मिडिल और बोटम पिवोटरिंग) की आपूर्ति।

अनुमानितलागत- ₹ 42,43,500/- (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)

वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता-13.05.2026 (10:00 बजे से)।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि-02.06.2026 (16:00 बजे तक)।

अन्य जानकारी हेतु हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "https:/uktenders.gov.in" से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण) खोदरी विद्युत गृह**

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# चारधाम यात्रा से पहले सड़कों की मरम्मत में तेजी, सीवरेज कार्य दिन-रात जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा के मद्देनजर हरिद्वार शहर में सीवरेज कार्यों के कारण खोदी गई सड़कों को जल्द दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर संबंधित विभाग और निर्माण एजेंसियां दिन-रात काम करते हुए सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण में जुटी हुई हैं, ताकि स्थानीय जनता, व्यापारियों और तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। ज्ञात हो कि सीवरेज लाइन बिछाने के लिए शहर के कई इलाकों में सड़कों को खोदा गया था, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों और ठेकेदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए और चारधाम यात्रा से पहले सड़कों को पूरी तरह से ठीक कर लिया जाए। परियोजना प्रबंधक,



निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा, उत्तराखंड पेयजल निगम मिनाक्षी मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि केएफडब्ल्यू वित्त पोषित हरिद्वार जलोत्सारण योजना के तहत पैकेज-01 और पैकेज-02 में सड़क पुनर्निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। 5 मई को कुल 243 मीटर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण किया गया, जो अभियान की गति को दर्शाता है। पैकेज-01 के अंतर्गत भारत माता रोड (पीडब्ल्यूडी खंड) में 70 मीटर सीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा किया गया। वहीं पैकेज-02 के तहत द्वारिका विहार में 21 मीटर पावर ब्लॉक, गणपति धाम फेस-3 में 77 मीटर सीसी रोड, अशोक विहार में 40 मीटर और गुप्ता कॉलोनी में 35 मीटर सड़क निर्माण कार्य पूरा किया गया। इस प्रकार पैकेज-02 में कुल 173 मीटर कार्य पूर्ण किया गया। प्रशासन द्वारा इन कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि गुणवत्ता के साथ समय सीमा का भी पालन सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखें और लोगों को कम से कम असुविधा हो। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान हरिद्वार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, ऐसे में सड़कों की बेहतर स्थिति अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कर शहर को व्यवस्थित और सुगम बनाया जाएगा। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि जल्द ही सभी सड़कों की स्थिति सामान्य हो जाएगी, जिससे आवागमन सुचारु हो सकेगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

# पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राईव में दो दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर कोतवाली पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राईव के मामले में कार्रवाई करते हुए नशे में सड़कों पर स्कूटी और मोटरसाईकिल दौड़ा रहे दो व्यक्तियों को दबोच लिया। आरोपितों को हिरासत में लेकर एमवी एक्ट के तहत चालान करने के साथ स्कूटी और मोटरसाईकिल को भी सीज कर दिया गया। ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत एसएसपी ने नशे में वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के अनुपालन मे बीती रात रानीपुर कोतवाली पुलिस टीम ने शिवालिक नगर में चेकिंग के दौरान नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए शिवालिक नगर निवासी मुकेश सोही व बिजनौर के भागुवाला निवासी सौरभ का मेडिकल करने के उपरांत दोनों का चालान कर दिया। पुलिस टीम में एडिशनल एसआई अशोक कुमार, कांस्टेबल नरेन्द्र राणा व अमित राणा शामिल रहे।

# शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर

## बहुउद्देशीय शिविर फिर होंगे शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जनपदवासियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण एवं केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से रोशनाबाद स्थित विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति, उत्तराखण्ड के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) श्री देशराज कर्णवाल ने की। इस दौरान 34 विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की प्रगति तथा पूर्व में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर समाज कल्याण बहुउद्देशीय शिविरों में प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि इसी माह शेष ग्रामों में पुनः शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाए और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले। इसके लिए अधिकारियों को स्वयं शिविरों में उपस्थित रहकर कार्य करना होगा। साथ ही समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

उपाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित हो रही हैं, जिनका लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुबोध कुमार शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सार्वजनिक स्थानों जाम छलकाते 12 नशेड़ी दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत एसएसपी द्वारा सार्वजनिक स्थानों, होटल, ढाबो में शराब पीकर हुडदंग मचाने वाले असामाजिक तत्वो के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के सम्बंध में सभी थाना, कोतवाली प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। शान्तरशाह इण्डस्ट्रियल एरिया में शराब पीकर राह चलने वाली महिलाओं पर फब्तियां कसने की शिकायतो पर लगाम लगाने के प्रयास के दृष्टिगत बीती रात बहादराबाद पुलिस द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बहादराबाद अमरजीत सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाकर सार्वजनिक स्थानों/ शराब की दुकानों व सडक किनारे शराब पीकर हुडदंग मचाने वाले 12 व्यक्तियों को पकड़ कर उनके विरूद्द 81 पुलिस एक्ट के अन्तर्गत चालानी कार्रवाई कर संयोजन शुल्क वसूल करते हुए भविष्य के लिए भी चेतावनी दी गई कि कोई भी सार्वजनकि स्थान पर न तो शराब पिलायेगा न ही शराब पियेगा। बहादराबाद पुलिस द्वारा उक्त कार्रवाई आगे भी जारी रखी जायेगी।



# प्रवक्ता भर्ती परीक्षा स्थगित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा प्रस्तावित प्रवक्ता भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी गयी है। आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार 9 और 10 मई को आयोजित की जाने वाली भौतिक शास्त्र और नागरिक शास्त्र विषयों की लिखित परीक्षा अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक 9 और 10 मई को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की लेक्चरर भर्ती परीक्षा निर्धारित हैं परीक्षा तिथियों के टकराव को लेकर अभ्यर्थियों ने आपत्ति जताते हुए परीक्षा तिथि बदलने की मांग उठाई थी। इसके बाद आयोग ने परीक्षा स्थगित करने का निर्णय लिया। आयोग ने स्पष्ट किया है कि नई परीक्षा तिथि की घोषणा अलग से आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर की जाएगी।

# अस्पताल में आग से निपटने की तैयारी, मॉक ड्रिल में स्टाफ को दिया प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अग्निशमन एवं आपात सेवा मायापुर की टीम ने मंगलवार को चौनराय जिला महिला चिकित्सालय में अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। इस दौरान अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को आग लगने की स्थिति में बचाव और नियंत्रण के तरीके सिखाए गए। अग्निशमन अधिकारी बीरबल सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस मॉक ड्रिल में फायर सर्विस चालक प्रवीण राणा भी शामिल रहे। टीम ने अस्पताल परिसर में प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग और संचालन की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। साथ ही, संस्थान में लगे होजरील के इस्तेमाल की विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। मॉक ड्रिल के दौरान कर्मचारियों को यह भी बताया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय आपातकालीन निकास द्वार का उपयोग कैसे किया जाए। इसके अलावा एलपीजी सिलेंडर लीक होने पर आग की घटनाओं को रोकने के उपायों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। अग्निशमन विभाग की ओर से आपातकालीन नंबर 112 के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया और किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान अस्पताल स्टाफ ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी कर आवश्यक जानकारियां प्राप्त कीं।



## संक्षिप्त खबर

### ऑनलाइन ठगों ने खाते से उड़ाए तीन लाख से ज्यादा रकम

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र के राजा गार्डन निवासी एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। शातिर ठगों ने बैंक खाते से करीब 3.13 लाख रुपये साफ कर दिए। मोबाइल पर लगातार ट्रांजेक्शन के मैसेज आने के बाद पीड़ित को वारदात का पता चला। जानकारी के अनुसार, आदर्शनगर निवासी व्यक्ति का एसबीआई की कनखल शाखा में खाता है। पीड़ित ने बताया कि अचानक उनके मोबाइल पर पैसे कटने के मैसेज आने शुरू हुए और देखते ही देखते खाते से भारी रकम निकल गई। आनन-फानन में पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। मामला कनखल पुलिस को ट्रांसफर होने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बैंक खाते से हुए ट्रांजेक्शन की पूरी जानकारी जुटाई जा रही है और उन खातों की जांच की जा रही है जिनमें रकम ट्रांसफर हुई है।

### दुकानदार पर लोहे की रॉड से हमला, सामान वापस न करने पर हुआ विवाद

**हरिद्वार।** रानीपुर क्षेत्र में सामान वापस लेने के विवाद में एक दुकानदार को लहूलुहान कर दिया गया। हमलावर ने लोहे की रॉड से वार कर दुकानदार को गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। सराय ज्वालापुर निवासी आरिफ अली की रानीपुर में पैनल की दुकान है। उन्होंने पुलिस को बताया कि गढ़मीरपुर निवासी कलीम टूटे हुए पैनल वापस करने की जिद करने लगा। दुकानदार ने सामान खराब होने के कारण वापस लेने से मना किया, तो कलीम ने गाली-गलौज करते हुए दुकान में रखी रॉड से उन पर हमला बोल दिया। शोर मचने पर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। कोतवाली प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही।

### हरिद्वार घूमने आए यात्रियों के होटल से गहने चोरी

**हरिद्वार।** तीर्थनगरी घूमने आए अल्मोड़ा के पर्यटकों के जेवर होटल के कमरे से चोरी हो गए। पीड़ितों ने होटल स्टाफ पर चोरी का शक जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। अल्मोड़ा निवासी पूरन सिंह ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ भूपतवाला स्थित होटल पर्ल ग्रांड में ठहरे थे। जब वे गंगा स्नान के लिए गए थे, इसी दौरान किसी ने कमरे में रखी अटैची से नथ, गलोबंद, पौंजी और मांग टीका पार कर दिया। पीड़ितों का आरोप है कि कमरे की डुप्लीकेट चाबी होटल प्रबंधन के पास रहती है, इसलिए उन्हें मैनेजर और एक कर्मचारी पर शक है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### तनाव के चलते युवक ने खाया जहर, हुई मौत

**हरिद्वार।** ज्वालापुर क्षेत्र के सुभाषनगर में एक युवक द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का दुखद मामला सामने आया है। युवक की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सुभाषनगर निवासी शुभम (22) पुत्र सतपाल सिंह मंगलवार की रात अपने घर में संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में मिला। परिजन उसे आनन-फानन में पास के भूमानंद अस्पताल लेकर भागे, जहाँ डॉक्टरों ने आपातकालीन इकाई में उसका उपचार शुरू किया। हालांकि, जहर शरीर में फैलने के कारण कुछ ही देर बाद युवक ने दम तोड़ दिया।

अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँची और परिजनों से घटना की जानकारी ली। एसएसआई हर्ष अरोड़ा ने बताया कि युवक पिछले कुछ समय से किसी निजी कारण को लेकर काफी तनाव में चल रहा था, जिसके चलते उसने यह घातक कदम उठाया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि युवक की परेशानी की मुख्य वजह क्या थी।

# आयोजनों के लिए सुविधापूर्ण स्थल की जरूरती होगी पूरी : यतीश्वरानंद

## भोगपुर तिलकपुरी में बारात घर का उद्घाटन के दौरान ग्रामीणों से विकास कार्यों के मांगे प्रस्ताव

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने भोगपुर तिलकपुरी ग्राम में बारात घर का उद्घाटन करते हुए जनता को समर्पित किया। स्वामी यतीश्वरानंद ने आमजनों से अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाकर तत्काल निवारण कराने को कहा। वहीं, दुर्गागढ़ क्षेत्रवासियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगवाने की मांग उठाई। बुधवार को ग्राम पंचायत भोगपुर तिलकपुरी में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने शिव मंदिर में एक बारात घर (हाल) का नारियल फोड़कर उदघाटन किया। स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि गांवों में आयोजनों के लिए निश्चित और सुविधाजनक स्थल चाहिए, ऐसे में बारात घर बनने से आयोजन हो सकेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अकित कश्यप, किसान आयोग के सदस्य सरदार करण सिंह, ग्राम प्रधान राजेश कश्यप, ऋषिपाल कश्यप, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सरदार सजय सिंह, मडल अध्यक्ष सुशील पंवार, श्रवण कुमार, सरदार साब्बे सिंह, साधूराम, जितेंद्र सैनी, काशीराम मुखिया, भजन सिंह आदि शामिल हुए।

वहीं, दूसरी ओर ग्रामीणों ने दुर्गागढ़ में महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगवाने के लिए प्रस्ताव दिया। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने प्रस्ताव लेकर कहा कि महापुरुषों की प्रतिमा लगने से आगामी पीढ़ी को उनके इतिहास की जानकारी होती है और उनसे प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर सुभाष सिंह चौहान, नरेश भगत, देवेंद्र, कृष्ण, सतेंद्र, नीशू, विष्णु, टिम्मल, धर्मराज, कोमल, रवि रोहित, मिथुन, गौरव, आकाश, सिद्धार्थ, बब्लू, आदित्य, रूपेश, नीरज, अंकुल, संदीप, सतीश, अरुण, कमल, राजू, रोहित, निखिल, विकास, हनुमान, अर्जुन आदि शामिल हुए।



# बजरंग दल वाहिनी ने लगाया सनातन संस्कृति पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बजरंग वाहिनी दल ने एक संगठन से जुड़े व्यक्ति पर सनातन संस्कृति पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए माफी मांगने की मांग की है। प्रेस क्लब पत्रकारों से वार्ता करते हुए बजरंग वाहिनी दल के प्रदेश अध्यक्ष आशु मलिक ने कहा कि हाल ही में एक संगठन से जुड़े व्यक्ति द्वारा सनातन संस्कृति को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान को कतई सहन नहीं किया जाएगा। बयान देने वाले व्यक्ति को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि माफी नहीं मांगी गयी तो लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। दल की उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी तनुजा रावत ने कहा कि सनातन संस्कृति भारत की आत्मा है और इसके प्रति किसी भी प्रकार की अभद्र भाषा या टिप्पणी को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं है कि किसी की धार्मिक आस्था और परंपराओं का अपमान किया जाए। पत्रकारवार्ता में गौरव, मनोज कुमार भी मौजूद रहे।




# धनपुरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के साथ युवकों ने की मारपीट, प्रतिनिधि घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के साथ गांव के ही रहने वाले युवकों ने गालीगलौज कर मारपीट की है। मारपीट में प्रतिनिधि को गंभीर चोट आई है। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई पुलिस मामले की जांच में जुटी।

पुलिस के अनुसार धनपुरा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तस्लीम अहमद ने तहरीर में आरोप लगाया है कि वह बीती रात घर बाहर अपने बेटे के साथ बैठा हुआ था। रात्रि लगभग 11 बजे बेटा घर के अंदर चला गया, गांव के ही रहने वाले दो तीन युवक जो पहले से ही रंजिस रखते आ रहे थे। हाथों में लोहे की रोड व धारदार हत्यार लेकर मेरे साथ गालीगलौज व जान से मारने की नियत से मेरे ऊपर लोहे की रोड से प्रहार कर दिया। अपने ऊपर अचानक हमला होता देख शोर मचाया शोर की आवाज सुनने के बाद गांव के ही रहने वाले तीन लोगों ने बड़ी मुश्किल से मुझे उनके चुंगल से छुड़ाया। हमलावर जाते समय मुझे जान से मारने की धमकी देकर गए है। हमले में मोहम्मद तस्लीम को गंभीर चोट आई है। मामले में अभी तक हमलावरों की गिरफ्तारी नही हो पाई है जबकि प्रधान प्रतिनिधि ने पुलिस को हमलावरों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। हालांकि दूसरे पक्ष ने भी तहरीर दी है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

एसओ पथरी रविन्द्र कुमार ने बताया मारपीट के मामले में तहरीर आई है मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# नाबालिगा के साथ दुष्कर्म के आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कांग्रेस पदाधिकारियो ने चंपावत में नाबालिगा के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद मेहरा ने कहा कि भाजपा सरकार में महिला उत्पीड़न की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। महिला उत्पीड़न की अधिकांश घटनाओं में भाजपा पृष्ठभूमि के लोगों पर आरोप लग रहे हैं। आनंद मेहरा ने आरोप लगाया कि चंपावत में भाजपा मंडल अध्यक्ष व उसके तीन साथियों द्वारा 16 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी किशोरी को मृत समझकर फरार हो गए थे। घटना सामने आने के बाद विपक्ष के दबाव पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। उन्होंने मांग की कि दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज सैनी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ठप्प हो गयी है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है। हरिद्वार में एक स्कूल के तीरंदाजी कोच द्वारा नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। जिसकी अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पायी है। उन्होंने कहा कि चंपावत की घटना पूरे समाज को शर्मसार करने वाली है। घटना में भाजपा पदाधिकारी के शामिल होने से साफ है कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। भाजपा का महिलाओं को सम्मान देने का दावा खोखला सिद्ध हो रहा है। प्रैसवार्ता में विकास चंद्रा, सार्थक ठाकुर, सागर बेनीवाल भी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन प्रहार में नशेड़ी चालकों पर शिकंजा, दो गिरफ्तार, वाहन सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ऑपरेशन प्रहार के तहत कोतवाली रानीपुर पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए दो चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज कर दिए।

रानीपुर कोतवाली प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि पुलिस टीम ने देर रात सघन चेकिंग अभियान चलाकर शिवालिक नगर क्षेत्र में एक एक्टिवा स्कूटी और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल के चालकों को रोककर जांच की गई, जिसमें दोनों चालक नशे में पाए गए। पकड़े गए चालकों की पहचान मुकेश सोही निवासी शिवालिक नगर फेस-2 और सौरभ कुमार निवासी मंडावली, बिजनौर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराकर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया और दोनों वाहनों को सीज कर दिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अशोक कुमार, कां. नरेंद्र राणा, कां. अमित राणा शामिल रहे।

## सूचना

भेल के अभिलेखों में मेरा नाम निर्मला देवी व जन्म तिथि 01/01/1951 दर्ज है जो कि गलत है। मेरा सही नाम आशा देवी व जन्म तिथि 15/04/1958 है। यही नाम व जन्म तिथि मेरे आधार कार्ड व पेन कार्ड भी है। भविष्य में मुझे आशा देवी व जन्म तिथि 15/04/1958 से ही जाना व पहचाना जाये। आशा देवी, पत्नी स्वर्गीय श्री हरीश कुमार खुराना, निवासी 4 ए विष्णु गार्डन, हरिद्वार, उत्तराखंड।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी व्यवहारी सुमन पत्नी श्री कुशलपाल, निवासी- डन्ढेड़ी, ख्वाजगीपुर, धनधेड़ी, ख्वाजिगपुर, हरिद्वार की एक संपत्ति जिसका खसरा नं-1541 है जो स्थित शिवम विहार फेज-3, ग्राम सलेमपुर महदूद-2 परगना रूड़की, तहसील व जिला हरिद्वार है से संबंधित एक असल विक्रय जो कि दिनांकित 09/04/2018 को उप निबंधक कार्यालय हरिद्वार में पंजीकृत है जिसका बही नंबर 01, जिल्द नंबर 3578, पृष्ठ संख्या 211-232, दस्तावेज संख्या 2966 है इस असल विक्रय के असल पृष्ठ संख्या 9-20 वास्तव में कहीं खो गये है। इन पृष्ठों में पीडी किट, क्रेता, विक्रेता व गवाहों की आईडी एवं संपत्ति की फोटो शामिल है। इस बाबत पुलिस में गुमशुदगी दर्ज की गयी है। उक्त असल पृष्ठों को किसी व्यक्ति/वित्तीय संस्थान/ बैंक/ न्यायालय में बंधक नहीं रखा गया है और ना ही कोई भी दुरूपयोग किया गया है। इस संबंध में किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो अद्योहस्ताक्षरी को 15 दिन के अंदर सूचित करें। सात दिनों के बाद भी प्रकार की आपत्ति/दावे पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। हरपाल सिंह पंवार, अधिवक्ता, चैम्बर नंबर 537 न्यायालय रोशनाबाद, हरिद्वार संपर्क-8532892904, 9719274771


## उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः- 3161/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शटडाउन/ई0ई0/ दिनांक- 06.05.2026

### विद्युत बन्दी सूचना

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, बहादराबाद के क्षेत्रान्तर्गत केबल बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम सं0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, बहादराबाद। | 11 के0वी0 आर0एल0 | 08.05.2026/शुक्रवार | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | बौंगला, रोहाल्की, अलीपुर, इब्राहिमपुर एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | | 11.05.2026/सोमवार | | |
| | | | 14.05.2026/बृहस्पतिवार | | |
| | | 11 के0वी0 रोशनाबाद | 10.05.2026/रविवार | | रोशनाबाद, आन्नेकी हेतमपुर, शिवम विहार, एल०बी०पी०एस० कालोनी एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाली सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | | 13.05.2026/बुधवार | | |
| | | | 16.05.2026/शनिवार | | |
| | | 11 के0वी0 टाउन | 09.05.2026/शनिवार | | बहादराबाद टाउन क्षेत्र एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | | 12.05.2026/मंगलवार | | |
| | | 11 के0वी0 भरत सिंह | 15.05.2026/शुक्रवार | | खेडली, बेगमपुर, कमालपुर सैनीवास, राधिका एन्क्लेव, शिव विहार कालोनी, हरिओम एन्क्लेव एवं उक्त पोषक से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | | 18.05.2026/सोमवार | | |
| | | | 21.05.2026/बृहस्पतिवार | | |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405

अधिशासी अभियन्ता

''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''


हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को नहीं मिला दो माह से वेतन

## चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने पर चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं ने आंदोलन की चेतावनी दी है। ऋषिकुल आयुर्वेदिक कालेज में संगठन की बैठक के दौरान कर्मचारियों ने पदाधिकारियों को बताया कि दो माह से वेतन नहीं मिल रहा है। आगे कब मिलेगा इसका भी कोई पता नहीं है। वेतन नहीं मिल पाने से बच्चों के एडमिशन नहीं करा पा रहे हैं। बैंक से लोन की किस्त चुकाने के लिए फोन आ रहे हैं। किराना दुकानदार भी अपना बकाया मांग रहे हैं। ऋषिकुल आयुर्वेदिक शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष के एन भट्ट, सचिव छत्रपाल सिंह, वरिष्ठ पदाधिकारी समीर पांडे, संध्या रतूड़ी ने कहा कि पूर्व में आंदोलन के बाद शासन से वार्ता के दौरान कहा गया था कि कर्मचारियों को वेतन मिलता रहेगा, जो जांच के दायरे में हैं, केवल उनका वेतन रोका जाएगा। इसके बाद कुछ समय तक वेतन ठीक से मिला। लेकिन अब दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक स्थिति चरमरा गयी है। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा, प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र तेश्वर, प्रदेश संगठन सचिव छत्रपाल सिंह, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार एवं जिला मंत्री राकेश भंवर ने कहा कि कर्मचारियों की कई मांग पूरी हुई हैं। लेकिन बार-बार वेतन रोका जाना न्यायसंगत नहीं है। वेतन नहीं मिलने से कर्मचारी अपने परिवार का भरण पोषण करने में भी असमर्थ हो रहे हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि इस संबंध में आयुष मंत्री मदन कौशिक को ज्ञापन देकर वेतन की समस्या का निराकरण की मांग की जाएगी। जल्द निस्तारण न होने की दशा में सभी संवर्गो के पदाधिकारियों की बैठक बुलाकर अग्रिम आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में समीर पांडे, संध्या रतूड़ी, मीनाक्षी गौड, शिखा नेगी, बृजेश, नितिन, सुरेंद्र सिंह, अजय कुमार, विनोद, सुमंत पाल, कल्लू, पप्पू, कमल कुमार, सतीश, आदि शामिल रहे।



# 39 साल बाद कचटा में विराजेंगे चालदा महासू महाराज

■ **दोहा गांव में उमड़ा आस्था का सैलाब**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार-बावर क्षेत्र एक बार फिर आस्था और उत्साह के रंग में रंग गया है। लंबे अंतराल के बाद चालदा महासू महाराज का खत कोरू के कचटा गांव में आगमन होने जा रहा है। करीब 39 वर्षों के इंतजार के बाद इस ऐतिहासिक क्षण को लेकर पूरे क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

बुधवार को दोहा गांव में उस समय भक्ति का माहौल चरम पर पहुंच गया, जब सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु महाराज को कचटा लाने के लिए एकत्र हुए। ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ महाराज का भव्य स्वागत किया। अब 7 मई को महाराज कचटा पहुंचकर अपने जेष्ठ खत कोरू में विधिवत विराजमान होंगे। जौनसार-बावर के 15 खतों में चालदा महासू महाराज का प्रवास एक निर्धारित परंपरा के तहत होता है। यह यात्रा विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए अंततः कचटा पहुंचती है, जिसे क्षेत्र के लिए विशेष महत्व का पड़ाव माना जाता है।



महाराज के आगमन को लेकर कचटा गांव में व्यापक तैयारियां की गई हैं। यहां एक भव्य मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। साथ ही देवता के लिए चांदी का ढोल तैयार किया गया है और दोहा गांव के विभिन्न खातों के सहयोग से चांदी की पालकी भी बनाई गई है। इन तैयारियों ने पूरे इलाके में उत्सव जैसा माहौल बना दिया है।

स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि चालदा महासू महाराज का आगमन क्षेत्र में सुख-समृद्धि और सामाजिक एकता का संदेश लेकर आता है। आयोजन को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और यातायात की समुचित व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर खत कोरू के सदर स्याणा सुनील जोशी, कचटा गांव के स्याणा अमर सिंह चौहान, मंदिर समिति के अध्यक्ष सीताराम चौहान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जौनसार-बावर में युवाओं की टोली मंदिरों को देती है दिव्य स्वरूप

■ **देवता को प्रसन्न करना ओर क्षेत्र की सांस्कृति परंपराओं को सहेजना टीम का मकसद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार-बावर की धार्मिक परंपराओं के बीच एक ऐसी सेवा भावना भी जीवंत है, जो बिना किसी पहचान और प्रशंसा की चाह के लगातार क्षेत्र की आस्था को संवार रही है। यहां एक युवा टीम पिछले कई वर्षों से देव जागड़ों के दौरान मंदिरों को भव्य रूप देने का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कर रही है।

इस टीम की खासियत यह है कि इनके काम के पीछे न तो नाम कमाने की इच्छा है और न ही किसी प्रकार का प्रचार। जब भी क्षेत्र में देव जागड़ा आयोजित होता है, यह टोली स्वतः सक्रिय हो जाती है। अपने संसाधनों से यात्रा कर मंदिरों तक पहुंचना और घंटों की मेहनत से फूलों और पारंपरिक सजावट के माध्यम से मंदिर को आकर्षक स्वरूप देना इनके कार्य का हिस्सा है।

पिछले करीब पांच वर्षों से यह समूह जौनसार-बावर के विभिन्न मंदिरों में अपनी सेवाएं दे रहा है। छोटा हो या बड़ा आयोजन, टीम हर स्थान पर समान उत्साह के साथ पहुंचती है। सदस्यों का कहना है कि उनका एकमात्र उद्देश्य देवता को प्रसन्न करना और क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजना है।

स्थानीय ग्रामीणों और मंदिर समितियों ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया है। इस सेवा कार्य में निर्मल तोमर, अरविंद तोमर, संदीप तोमर, गंभीर चौहान, राकेश तोमर, अंशु तोमर, सचिन तोमर, खुशी, योगेश चौहान, प्रवीण चौहान, विपिन तोमर, राजेंद्र तोमर, उदय चौहान, मंजीत चौहान, पिंटू और नरेश चौहान सहित कई युवा सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## सडक स्वीकृति के छह साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया कार्य

**नई टिहरी।** विकासखंड प्रतापनगर के पट्टी ओण के धनागांव-मिश्रवाणगांव मोटरमार्ग का निर्माण कार्य स्वीकृति के छह वर्ष बाद भी शुरू नहीं हो सका है जिसके चलते क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। वर्ष 2020-21 में मुख्यमंत्री द्वारा इस मोटरमार्ग की घोषणा की गई थी जिसके बाद मार्ग को 5 किमी की विधिवत स्वीकृति भी मिल गई थी लेकिन 6 वर्ष का लंबा समय बीत जाने के बावजूद भी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू न होने से लोग अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी पंवार ,क्षेत्र पंचायत सदस्य रंजना देवी,प्रधान आरती देवी, रमेश पंवार ने कहा कि सड़क निर्माण में हो रही देरी से क्षेत्रवासियों का गुस्सा बढता जा रहा है उन्होंने कहा कि प्रशासन और संबंधित विभाग की उदासीनता के कारण ग्रामीणों को आज भी लगभग छह किलोमीटर की पैदल दूरी तय करनी पड़ रही है स्थिति यह है कि बीमार और बुजुर्ग लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए ग्रामीणों को डंडे-कंडों के सहारे ढोकर ले जाना पड़ता है रास्ते में घना जंगल होने के कारण जंगली जानवरों, खासकर सुअरों का खतरा भी लगातार बना रहता है जिससे लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर मोटरमार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे भूख हड़ताल और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

# श्री दि. जैन मंदिर में आयोजित हुआ 'शान्तिधारा, शान्ति विधान एवं हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** जैन आर्यिका 105 श्री पूर्णमति माताजी की प्रेरणा से एवं पं. सुरेश चन्द जैन (सहारनपुर) के सानिध्य में गुरूवार को श्री दि. जैन मंदिर, विकासनगर में श्री जी प्रक्षाल, 1008 श्री आदिनाथ भगवान जी की वृहद शान्तिधारा, नित्यनियम पूजन, श्री शान्ति विधान, जाप्य एवं हवन का मांगलिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रातः श्रीजी को भव्य पांडुकशिला पर विराजमान करके श्रद्धालुजनों ने अभिषेक किया, उपरांत वेदीजी में विराजमान श्री आदिनाथ भगवान की वृहद शांतिधारा बीजमंत्रोचार के संग की गई। विधान मांडने पर समाज की महिलाओं द्वारा मंगल कलश स्थापित करने के साथ पंडित के सानिध्य में 4 पूजाओं की 120 अर्घावली के साथ श्री शांतिनाथ विधान प्रारंभ हुआ। समस्त श्रद्धालुजनों ने भक्तिभाव के साथ विधान में भाग लिया। अन्त में पंचपरमेष्ठि जाप्य और हवन की आहुतियों के द्वारा विश्व कल्याण की भावना के साथ विधान की क्रियाएं सम्पन्न हुई।



आयोजन में श्री दि. जैन समाज विकासनगर के अध्यक्ष विपिन कुमार जैन, महामंत्री राज कुमार जैन, सतीश जैन, नवनीत जैन, आशीष जैन, अनिल कुमार जैन, सुरेश चन्द जैन, अनिल चन्द्र जैन, दिगम्बर प्रसाद जैन, प्रवीण जैन, सुशीला रानी जैन, नीलम जैन, जीवनलता जैन, शशि जैन, वंदना जैन, श्वेता जैन, पदमारानी जैन, रश्मि जैन, नेहा जैन, अनिता जैन, सुनीता जैन, मधु जैन, रीना जैन, पूनम जैन, कनकलता जैन, मिथलेश जैन, शारदा जैन, नीलिमा जैन, मानसी जैन, अनमोल जैन, आयुष जैन, मोहित जैन, अनुज जैन सहित अनेकों श्रद्धालुजन सम्मिलित रहे।

### एक नजर .......

## इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग निर्माण का शिलान्यास

**विकासनगर।** सहसपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेलोवाला में आज स्थानीय विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर द्वारा उनकी संस्तुति पर स्वीकृत इंटरलॉकिंग टाइल्स से निर्माण कार्य (प्रतीक्षालय से मजार की ओर जाने वाले मार्ग) का विधिवत शिलान्यास किया गया, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। इस मौके पर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और प्राथमिकता के आधार पर लगातार जनहित से जुड़े कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के अनुरूप सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से जुड़े कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है और विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। इस दौरान स्थानीय लोगों ने विश्वास जताया कि इस प्रकार के विकास कार्यों से क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और जनजीवन और अधिक सुगम बनेगा।

## वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को अभियान जारी

**नई टिहरी।** अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार के तहत टिहरी पुलिस को एक अहम सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के निर्देश पर वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिविल जज नई टिहरी की ओर से जारी गैर-जमानती वारंट के अनुपालन में कोतवाली कैम्पटी पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को ग्राम ढकरौल क्षेत्र में दबिश दी। पुलिस ने वांछित वारंटी अर्जुन (44) पुत्र धूम सिंह, निवासी ग्राम ढकरौल, थाना कैम्पटी, जनपद टिहरी गढ़वाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि आपरेशन प्रहार के तहत अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## कुर्सी पे नजर' कैंपेन किया पेश

**देहरादून।** पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आज अपना नया फेविकोल टेलीविजन कमर्शियल, 'कुर्सी पे नजर' पेश किया। यह फिल्म एक बहुत ही बारीकी से देखी गई, पूरी तरह से भारतीय सांस्कृतिक सोच पर आधारित है। रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी यह फिल्म दिखाती है कि कैसे एक मामूली सी कुर्सी, सिर्फ एक फर्नीचर होने से कहीं आगे बढ़कर, घरों, दफ्तरों और संस्थानों में उम्मीद और अधिकार का एक मजबूत प्रतीक बन जाती है। फेविकोल की खास हाजिरजवाबी और अपनापन लिए हुए, 'कुर्सी पे नजर' भारतीय समाज में गहराई से बसी एक सच्चाई को दिखाती है। इस समाज में, कुर्सी पर कौन बैठता है, कौन उसका इंतजार करता है, और अगली बार कौन उस पर नजर गड़ाए बैठा है, ये सभी बातें अक्सर लोगों की महत्वाकांक्षा, असर और तरक्की के बदलते समीकरणों को दिखाती हैं। यह फिल्म इस रोजमर्रा की बात को एक यादगार कहानी में बदल देती है और फेविकोल की इस काबिलियत को और मजबूत करती है कि वह आम पलों में भी बेहतरीन कहानियां ढूंढ़ लेता है।

# 25 वर्षों बाद आयोजित महा बन्याथ में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

■ **आज निकलेगी भव्य जल कलश यात्रा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** तल्लानागपुर क्षेत्र के चोपता-फलासी में आयोजित ऐतिहासिक महा बन्याथ इन दिनों आस्था, श्रद्धा और भक्ति का विराट केंद्र बना हुआ है। 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हो रहा यह नौ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर रहा है। सातवें दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां दूर-दराज से पहुंचे भक्तों ने यज्ञ में आहुति देकर पुण्य अर्जित किया और देवी-देवताओं के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

इस अवसर पर द्वारिका पीठ के शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वरानन्द महाराज की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की दिव्यता को और बढ़ा दिया। उनके साथ दीक्षा पार्टीज के चेयरमैन कुलदीप रावत ने भी विधिवत पूजा-अर्चना कर सहभागिता निभाई। अपने प्रवचन में शंकराचार्य महाराज ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को धर्म एवं संस्कारों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं।



आयोजन स्थल पर भक्ति का अनूठा वातावरण देखने को मिल रहा है। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाएं भजन-कीर्तन में लीन हैं, वहीं यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्यों द्वारा विधिवत अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है।

महा बन्याथ के अंतर्गत आज आयोजित होने वाली भव्य और दिव्य जल कलश यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस यात्रा में सैकड़ों कन्याएं सिर पर कलश धारण कर विभिन्न मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंचेंगी। यात्रा को लेकर क्षेत्र में विशेष उत्साह बना हुआ है। तुंगेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष मानवेन्द्र बर्त्वाल ने बताया कि यह यात्रा इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा, यातायात एवं व्यवस्थाओं को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर प्रबंधक कल्याण सिंह नेगी, उपाध्यक्ष दलवीर सिंह राणा, समिति के सचिव पूर्ण सिंह खत्री, सह सचिव मगन सिंह नेगी, पंडित जगदम्बा प्रसाद बेजवाल, त्रिलोचन भट्ट, जिला पंचायत सदस्य सम्पन्न नेगी, गम्भीर बिष्ट, साहित्यकार बलदीप बर्त्वाल, प्रधान हेमा देवी, अखिलेश नेगी, आजाद खत्री, क्षेत्र पंचायत सदस्य दिनेश नेगी, पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह नेगी, विनोद रावत, नीरज सिंह नेगी, रणवीर फर्स्वाण, दीपेन्द्र नेगी, सते सिंह नेगी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग मुश्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रदेश में चल रही चारधाम यात्रा जैसे-जैसे रफ्तार पकड़ रही है, वैसे-वैसे सरकार और स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहे हैं। तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या से तुरंत निपटा जा सके। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम से आने वाले श्रद्धालु भिलंगना क्षेत्र के केमुंड़ाखाल और अयारंकाखाल मार्ग से होते हुए केदारनाथ धाम की ओर बढ़ते हैं।

इस दौरान ऊंचाई, मौसम में बदलाव और लंबी यात्रा के कारण कई यात्रियों की तबीयत खराब हो जाती है, जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष इंतजाम किए हैं। भिलंगना प्रभारी स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उषा भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि चारधाम यात्रियों की सुविधा के लिए घनसाली के भैंसवाड़ा पुल के पास स्वास्थ्य जांच केंद्र स्थापित किया गया है। यहां तीन डॉक्टरों की टीम तैनात की गई है, जिसमें मेडिकल ऑफिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह टीम यात्रियों की नियमित स्वास्थ्य जांच कर रही है और जरूरत पड़ने पर प्राथमिक उपचार भी उपलब्ध करा रही है। साथ ही गंभीर स्थिति वाले मरीजों को तुरंत उच्च चिकित्सा केंद्रों के लिए रेफर करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। स्वास्थ्य विभाग की इस सक्रियता से चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं को राहत मिल रही है और वे सुरक्षित व सुगम यात्रा का अनुभव कर पा रहे हैं।

## भिलंगना ब्लाक आंगनबाडी कार्यकत्रियों का आंदोलन स्थगित

**नई टिहरी।** भिलंगना ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अपना आंदोलन स्थगित किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आग्रह व घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह की मौजूदगी कई दिनों से चल रहा आंदोलन समाप्त कर दिया । विधायक शाह ने कहा कि तत्काल जिला अधिकारी से वार्ता कर जिला स्तर से जो भी समस्या है आंगनवाड़ी बहनों की उनका समाधान के लिए जिला अधिकारी से वार्ता की साथ में शासन स्तर की समस्याओ को सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने विधायक को अपना मांग पत्र दिया जिस पर विधायक ने सभी कार्यकत्रियों को कहाँ की इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सभी समस्याओं का हल किया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजीव कंडारी, मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन नौटियाल, खंड विकास अधिकारी विपिन सिंह सहित अध्यक्ष सविता सेमवाल, उपाध्यक्ष सीता जोशी, विमला देवी, विजया देवी, मीना देवी, असरुपी देवी, अंजु देवी, ललीता, हेमलता, रीना आदि मौजूद रहे।

## धनोल्टी में भारी वर्षा से नकदी फसल व बागवानी को नुकसान

**नई टिहरी।** जौनपुर विकासखंड के धनोल्टी तहसील के अन्तर्गत दर्जनों गांव में गत सोमवार शाम को हुई भारी ओलावृष्टि बारिश के कारण कृषकों की नगदी फसलों के साथ ही बागवानी को भी भारी नुकसान हुआ । नगदी फसलों में आलू मटर बींस धनिया के साथ ही बागवानी फसलों मे सेब आडू पूलम खुमानी जैसी फसलों को भारी नुकसान हुआ। क्षेत्र के काश्तकारों में ओलावृष्टि से हुई फसलों को हुए भारी नुकसान पर निराशा छा गई है। क्षेत्र पंचायत सदस्य रमेश बिष्ट ग्राम प्रधान पूजा पवार सरदार सिंह रावत ने फसलों को हुई भारी नुकसान का उचित मुआवजा राशि दिए जाने की मांग की है। भारी ओलावृष्टि से तहसील क्षेत्र के फल पट्टी के नाम से प्रसिद्ध रौतु की बेली , अलमस, फेडी किमोड़ा, गोरण, स्यालसी, फिडोगी थान कुंड किट समेत दर्जनों गांव में भारी ओलावृष्टि से काश्तकारों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। वहीं दूसरी ओर भारी ओलावृष्टि होने से थत्यूड बाजार समेत दर्जनों गांव में सोमवार शाम से बिजली भी गुल हो गई जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक विक्रय पत्र जिसका बही संख्या 1 जिल्द संख्या 5428 पृष्ठ सं. 239 से 260 पर क्रमांक 8954 दिनांक 17.10.2013 पर अंकित है, जो वास्तव में कहीं गिर गया है, जोकि काफी तलाशने पर नही मिल सका। इसका उपयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध होगा।

**राजेश कुमार दिवाकर पुत्र**
**स्व. गौरी शंकर**
**निवासी देवऋषि एनक्लेव, नजदीक थाना पटेल नगर, कारगी देहरादून।**
**मो. 8958181622**

**NOTICE**

I, Army No. 00072300X Rank SL Tenzin Wangchuk S/o Jamchen resident of Tibetan Women Centre, 225 Rajpur Road P.O. Rajpur-248009 Distt. Dehradun (Uttarakhand). In my service record, my Father's name Gyaltsen has been wrongly recorded where as my Farher's name is Jamchen. In future my Father's name will be registered with the correct name.

**सूचना**

मेरे सैन्य अभिलेखो में मेरे पिता एवं मेरी माता की जन्मतिथि पिता-03.10.1953 एवं माता- 03.12.1962 गलत दर्ज है। जबकि मेरे पिता एवं माता की सही जन्मतिथि क्रमशः पिता-24.01.1950 एवं माता - 24.01.1955 है।

श्री दिनेश कुमार आर्मी नं.-14703733M रैंक LNK पुत्र श्री शेर सिंह मेहर निवासी दौडवाला, पो०ओ० मोथरोवाला, जिला देहरादून, उत्तराखण्ड

## यूरिया खाद का सेवन करने से अधेड़ की हालत बिगड़ी

**बागेश्वर।** आत्महत्या के प्रयास में एक अधेड़ व्यक्ति ने घर में रखा यूरिया खाद खा लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार बिलौना एआरटीओ के समीप निवासी 54 वर्षीय आनंद सिंह पुत्र भीम सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा यूरिया खाद का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उन्हें उल्टियां होने लगीं, तब परिजनों को मामले की जानकारी हुई। इसके बाद आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में फिजिशियन डा. गौरव सिंह कैड़ा के नेतृत्व में उनका उपचार किया जा रहा है। डाक्टरों के अनुसार मरीज को 24 घंटे के ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। फिलहाल उनकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है।

**न्यायालय जनपद न्यायाधीश**
**रूद्रप्रयाग**
**वाद सं. 04/2026**

**याचीगण:**- मोहन सिंह व अन्य

**बनाम**

**प्रतिवादीगण:**-प्रधान, ग्राम पंचायत क्यूडी व अन्य

चूंकि याचीगण के द्वारा अपने मृतक पिता-25वीं वाहिनी भा.ति.सी. पुलिस सेवानिवृत्त दल संख्या 620070723 कॉ/जीडी भूप सिंह पुत्र ग्यारू सिंह के पेंशन एरियर, पारिवारिक पेंशन मय ब्याज प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र चाहने बाबत न्यायालय में याचिका अन्तर्गत धारा 360 समान नागरिक संहिता उत्तराखण्ड 2024 के तहत प्रस्तुत की है, उक्त मामले में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में अपना जवाबदावा/आपत्ति दिनांक 28.05.2026 को ठीक 10 बजे सुबह प्रस्तुत करें, अन्यथा मामले में एकपक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 04.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आदेशानुसार**
**रोशन लाल वंशल्वाण**
**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/**
**सदर मुन्सरिम**
**जिला जज कोर्ट रूद्रप्रयाग**

**कार्यालय नगर पंचायत तिलवाडा, जनपद-रूद्रप्रयाग**

पत्रांक सं. 67 दिनांक 06.05.2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पंचायत तिलवाडा,जनपद रूद्रप्रयाग के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस निकाय द्वारा गठित टीम द्वारा किये गये सर्वेक्षण के आधार पर निकाय क्षेत्रान्तर्गत समस्त 04 वार्डों को जीएफसी (Garbage Free City) स्टार रेटिंग 01 स्टार घोषित किया जाता है। इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है, तो वह नगर पंचायत तिलवाडा के कार्यालय में 07 दिवस के अन्तर्गत आपत्ति दर्ज करा सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**( मनीषा )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत तिलवाडा**

**( श्रीमती विनीता देवी )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत तिलवाडा**

**कार्यालय सहायक अभियन्ता- प्रथम पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड चिन्यालीसौड़ उत्तरकाशी**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

Tele Phone No:-01371-237093 Fax No:- 01371-237093, Email ID:-eepmgsyidchinyalisaur@rediffmail.com

पत्रांक 32/पी.एम.जी.एस.वाई/सिं.ख./चि.सौ./अल्पकालीन निविदा, दिनांक 04.05.2026

**वाहन हेतु अल्पकालीन कोटेशन सूचना सं0-01**

अधिशासी अभियन्ता पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड चिन्यालीसौड, उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड के राजकीय कार्यों के सम्पादन हेतु 02 संख्या वाहन महिन्द्रा बोलेरो जीप की 11 माह हेतु आवश्यकता है, वाहन प्रतिदिन की दर से किराये पर नियत किया जायेगा वाहन स्वामी जो कि निम्न शर्तें पूरे करते हों वह अपनी दर मोहर बन्द लिफापे में पंजीकृत/फिटनेस प्रमाण पत्र, चालक के लाईसेंस, अनुभव प्रमाण-पत्र एवं वाहन बीमा की छायाप्रति सहित दिनांक 13-05-2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय सहायक अभियन्ता-प्रथम, पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड चिन्यालीसौड, उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड में जमा कराये जा सकते हैं जो कि दिनांक 13-05-2026 अपरान्ह 3:30 बजे कोटेशन दाताओं के सम्मुख खोले जायेंगें।

| क0सं0 | संक्षिप्त विवरण | अवधि | निविदा जमा करने हेतु अन्तिम तिथि | निविदा खोलने की तिथि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | खण्डीय कार्यालय के राजकीय कार्यो हेतु व्यावसायिक वाहन बोलेरो उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में। | 11 माह | 13-05-2026 | 13-05-2026 | 03 माह |
| 02 | उपखण्डीय कार्यालय के राजकीय कार्यों हेतु व्यावसायिक वाहन बोलेरो उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में। | 11 माह | 13-05-2026 | 13-05-2026 | 03 माह |

शर्तें:-

1-वाहन तीन वर्ष से पूर्व कय न किया गया हो और सुचारू रूप से कार्य योग्य हो।
2-वाहन का पूर्ण रख-रखाव वाहन स्वामी द्वारा किया जायेगा, जिसमें चालक का वेतन, इन्श्योरेन्श, रोड टैक्स, परमिट आदि सम्गिलित हैं।
3-वाहन बिना पट्टे (सस्पेन्शन) वाला होना चाहिये।
4-वाहन कार्य दिवस एवं अवकाश के दिन भी कार्यालय में उपलब्ध रहेगा।
5-डीजल विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।
6-डीजल की खपत कम से कम 10 कि.मी./लीटर से कम नहीं होनी चाहिए।
7-वाहन के किराये का भुगतान विभागीय बजट उपलब्ध होने पर चैक द्वारा किया जायेगा।
8-यदि वाहन यांत्रिक त्रूटि से खडा रहता है तो उस दिन दूसरे वाहन की व्यवस्था वाहन स्वामी को करनी होगी एवं उसका भुगतान वाहन स्वामी को स्वयं करना होगा।
9-वाहन स्वामी काटेशन में प्रतिदिन की दर अंकित करेंगे।
10-लॉगबुक भरवाने का उत्तरदायित्व वाहन स्वामी/वाहन चालक का होगा, लॉगबुक भरने के उपरान्त ही व्यय का भुगतान किया जायेगा।
11-राजकीय यात्रा के बाद वाहन खण्डीय परिसर में खडा रहेगा।
12-विभागीय वाहन/राजकीय वाहन उपलब्ध होने पर उपरोक्त सेवायें स्वतः ही समाप्त हो जायेंगी।
13-न्यूनतम दर वाले आवेदक को ही स्वीकार किया जायेगा, दरें समान होने पर नये वाहन को वरीयता दी जायेगी।
14-किसी अथवा समस्त आवेदक को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को है।

**नोट:-निविदा से सम्बन्धित शर्ते उपखण्ड-प्रथम कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।**

**सहायक अभियन्ता- प्रथम**
**पी.एम.जी.एस.वाई.सिंचाई खण्ड**
**चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी**

# ऋषिकेश-कुंआवाला में अवैध प्लॉटिंग पर चला एमडीडीए का बुलडोजर

■ कई बहुमंजिला इमारतें सील, प्रवर्तन टीम ने की सख्त कार्रवाई

■ 20 बीघा से अधिक प्लॉटिंग ध्वस्त, कुंआवाला-हरिद्वार रोड से लेकर ऋषिकेश तक चला अभियान



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माणों और अनधिकृत प्लॉटिंग के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए देहरादून और ऋषिकेश क्षेत्र में व्यापक कार्रवाई की गयी।

प्राधिकरण की टीम ने कुंआवाला हरिद्वार रोड और रायपुर रोड समेत कई स्थानों पर 20 बीघा से अधिक क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया, जबकि कई बहुमंजिला इमारतों और व्यावसायिक निर्माणों को सील कर दिया गया। इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है। प्राधिकरण की कार्रवाई के तहत किद्दूवाला-तुन्नुवाला क्षेत्र में करीब 7-8 बिघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर बुलडोजर चलाया गया। वहीं कुंआवाला हरिद्वार रोड के पास लगभग 12 बिघा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को भी ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा और अवर अभियंता मनीष मेहर सहित टीम मौजूद रही।

### प्लॉट या भवन को खरीदने से पहले उसकी वैधता अवश्य जांच लें- बंशीधर तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अनधिकृत प्लॉटिंग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों और निगरानी के आधार पर यह विशेष अभियान चलाया गया है। तिवारी ने कहा कि अवैध रूप से जमीन की खरीद-फरोख्त और बिना नक्शा पास कराए निर्माण करना कानूनन अपराध है और इसमें लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी प्लॉट या भवन को खरीदने से पहले उसकी वैधता अवश्य जांच लें, ताकि भविष्य में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

### नियमों के विपरीत निर्माण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा- बर्निया

एमडीडीए सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी बनाए हुए है और जहां भी अवैध निर्माण की सूचना मिलती है, तत्काल कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि नियमों के विपरीत निर्माण करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। बर्निया ने बताया कि आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियानों को और तेज किया जाएगा, ताकि नियोजित विकास सुनिश्चित हो सके।

### ऋषिकेश में बहुमंजिला इमारतों पर सीलिंग का शिकंजा



ऋषिकेश क्षेत्र में भी एमडीडीए ने सख्ती दिखाते हुए आमबाग, निर्मल बाग और गंगा विहार कॉलोनी सहित विभिन्न इलाकों में अवैध बहुमंजिला निर्माणों पर सीलिंग की कार्रवाई की। आमबाग गली नंबर 1 में दो निर्माण, निर्मल बाग ब्लॉक बी और सी में कई इमारतें, गंगा विहार कॉलोनी में व्यावसायिक निर्माण, मनसा देवी क्षेत्र में भी अवैध व्यावसायिक निर्माणों को सील किया गया। 1. संजीव शर्मा, नवीन डोबरीयाल और संजय उपाध्यय द्वारा किद्दूवाला तुन्नुवाला रायपूर रोड में लगभग 7 से 08 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर कार्यवाही करते हुये ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। 2. रोबिन चौहान और प्रतीक जुयाल द्वारा निकट पम्किन रेस्टोरेन्ट कुंआवाला हरिद्वार रोड देहरादून में लगभग 12 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर कार्यवाही करते हुये ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में सहायक अभि0 प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता मनीष मेहर सुपरवाईजर मौके पर मौजूद रहे। 3. जय राम सेमवाल द्वारा आमबाग गली न0 01 ऋषिकेश में किये गये अवैध बहुमंजिले निर्माण पर कार्यवाही करते हुये सीलिंग की कार्यवाही की गयी। 4. लक्ष्मी भट्ट द्वारा आमबाग गली न0 01 ऋषिकेश में किये गये अवैध बहुमंजिले निर्माण पर कार्यवाही करते हुये सीलिंग की कार्यवाही की गयी। 5. कृष्णा द्वारा गली न0 07 निर्मल बाग ब्लॉक बी ऋषिकेश में किये गये अवैध बहुमंजिले निर्माण पर कार्यवाही करते हुये सीलिंग की कार्यवाही की गयी। 6. भानू रावत गली न0 07 निर्मल बाग ब्लॉक सी ऋषिकेश में किये गये अवैध बहुमंजिले निर्माण पर कार्यवाही करते हुये सीलिंग की कार्यवाही की गयी। 7. मनीष अग्रवाल द्वारा गली न0 11 निर्मल बाग ब्लॉक सी में किये गये अवैध बहुमंजिले निर्माण पर कार्यवाही करते हुये सीलिंग की कार्यवाही की गयी। 8. संजय चौधरी द्वारा आस्था पथ गंगा विहार कॉलोनी ऋषिकेश में किये जा रहे व्यवसायिक निर्माण पर कार्यवाही करते हुये सीलिंग की कार्यवाही की गयी। 9. नरेन्द्र द्वारा मनषा देवी ऋषिकेश में के किये जा रहे अवैध बहुमंजिले व्यवसायिक निर्माण पर कार्यवाही करते हुये सीलिंग की कार्यवाही की गयी। 10. जय प्रकाश भद्री द्वारा मंशा देवी ऋषिकेश में किये जा रहे अवैध बहुमंजिले व्यवसायिक निर्माण पर कार्यवाही करते हुये निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में पाधिकरण सहायक अभियंता अभिषेक भाद्वाज, सुरजीत रावत, विजय रावत व प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

## माया देवी विश्वविद्यालय में इंटरनेशनल कांफ्रेंस का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** रिजनरेटिव एंड रिसालेंट शेपिंग दी फ्यूचर ऑफ एग्रिकल्चर थ्रो सस्टेनेबिलिटी विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आज समापन हो गया। समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की वाइस प्रेसिडेंट प्रो. डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल, विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. आरजी उपाध्याय पूर्व निर्देशक एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सीएसके के. बी. पालमपुर हिमाचल, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. आशीष सेमवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर प्रो. डॉ. आरजी उपाध्याय ने कहा कि आज के समय में कृषि को टिकाऊ एवं लचीला बनाना अत्यंत आवश्यक है' उन्होंने जोर देकर कहा कि रीजनेटिव एग्रीकल्चर न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा बल्कि किसानों की आय बढ़ाने और आने वाली पीढियां के लिए सुरक्षित खाद्य प्रणाली सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी होगा उन्होंने युवा कृषि वैज्ञानिकों शोधकर्ताओं और छात्रों से इस दिशा में नवाचार को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट प्रो. डॉ. तृप्ति जुयाल सेमवाल ने कहा कि इस प्रकार की कॉन्फ्रेंस ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं उन्होंने कहा कि सतत कृषि क्षेत्र में किया जा रहे हैं शोध कार्य भविष्य में वैश्विक चुनौतियों के समाधान देने में सहायक होंगे।

इस मौके पर वाइस चांसलर प्रो. डॉ .आशीष सेमवाल, वाइस चांसलर प्रो. डॉ. आशीष सेमवाल, कीनोट स्पीकर के रूप में प्रो. डॉ. नीरज कुमार एच.ओ.डी. एग्री माइक्रोबायोलॉजी कुरुक्षेत्र विश्व. विद्यालय हरियाणा, डॉ. राहुल कुमार डीएवी गवर्नमेंट पीजी कॉलेज जालंधर पंजाब, डॉ. प्रियंका पांडे डीबीएस यूनिवर्सिटी देहरादून, प्रो वाइस चांसलर प्रो. डॉ संदीप विजय, रजिस्ट्रार अंबिका जुयाल, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री प्रो. डॉ. देवेंद्र सिंह रावत, डीन एकेडमिक प्रो. डॉ. आर बी सिंह, सीता जुयाल सहित सभी स्कूलों के प्रिंसिपल, डीन एवं छात्र उपस्थित थे।

## बांध प्रभावितों का धरना नवें दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी बांध प्रभावितों और विस्थापितों का बौराड़ी स्थित गणेश चौक पर क्रमिक अनशन बुधवार को नवें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने कहा कि यह उनके हक की लड़ाई है और जब तक मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वे पिछले दो माह से अधिक समय से शांतिपूर्ण धरना दे रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को लगातार अनसुना किया जा रहा है। इसी के चलते उन्हें अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा। बुधवार को क्रमिक अनशन पर कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष आशा रावत और शगुफ्ता प्रवीन बैठे। आंदोलनकारियों का कहना है कि लंबे समय से धरना देने के बावजूद प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने इसे अपने अधिकारों की लड़ाई बताते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। आंदोलनकारियों की प्रमुख मांगों में टिहरी बांध से मिलने वाली 12 प्रतिशत रायल्टी को जिले के विकास कार्यों में खर्च करना, प्रभावित परिवारों को मुफ्त बिजली और पानी उपलब्ध कराना शामिल है। उन्होंने शासन-प्रशासन से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र समाधान निकालने की मांग की है। धरना स्थल पर सागर भंडारी, मानवेंद्र सिंह रावत, देवांक चमोली आदि मौजूद रहे।

## केदारनाथ धाम: दुर्गम हिमालय में जीवनरक्षक व्यवस्था

■ 15 दिनों में 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को त्वरित उपचार, हेली-रेस्क्यू से बचीं कई जिंदगियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** आस्था, साहस और चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों के बीच संचालित पवित्र केदारनाथ धाम यात्रा इस वर्ष न सिर्फ श्रद्धा का केंद्र बनी हुई है, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन और त्वरित आपात सेवाओं का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश कर रही है। ऊंचाई, मौसम और कठिन मार्ग जैसी चुनौतियों के बावजूद जिला प्रशासन ने जिस सुदृढ़ स्वास्थ्य ढांचे को खड़ा किया है, उसने हजारों श्रद्धालुओं को सुरक्षित यात्रा का भरोसा दिया है।

यात्रा प्रारंभ के महज 15 दिनों के भीतर ही 40,116 श्रद्धालुओं को



ओपीडी और इमरजेंसी सेवाओं के माध्यम से उपचार प्रदान किया जाना इस बात का प्रमाण है कि स्वास्थ्य व्यवस्थाएं कितनी सक्रिय और प्रभावी हैं। अकेले एक दिन में 3,275 मरीजों का उपचार किया जाना दर्शाता है कि चिकित्सा टीमें हर परिस्थिति में मुस्तैद हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन द्वारा बड़े स्तर पर स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 30,511 श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है, जिसमें एक ही दिन में 2,211 स्क्रीनिंग शामिल हैं। इस सतर्कता के चलते संभावित रूप से अस्वस्थ यात्रियों की समय रहते पहचान कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है, जिससे गंभीर जोखिमों को टाला जा सके।

दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए रेस्क्यू तंत्र भी पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहा है। अब तक 19 श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर के माध्यम से उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया गया, जबकि 112 यात्रियों को एम्बुलेंस द्वारा सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, जहां सड़क या हेली सेवा संभव नहीं थी, वहां 50 श्रद्धालुओं को डंडी-कंडी के माध्यम से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि प्रशासन हर परिस्थिति में जीवन बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान अब तक 31 श्रद्धालु यात्रा के लिए अयोग्य पाए गए, जिनमें 6 मामले एक ही दिन में सामने आए। प्रशासन ने ऐसे यात्रियों को यात्रा स्थगित करने या चिकित्सकीय सलाह के अनुरूप ही आगे बढ़ने की सख्त सलाह दी है, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके। पूरे यात्रा मार्ग पर चिकित्सा सुविधाओं का एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया गया है। विभिन्न स्थानों पर स्थापित मेडिकल रिलीफ पोस्ट (एमआरपी), बेस कैंप चिकित्सालय, ऑक्सीजन सुविधाएं, प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, एम्बुलेंस और हेली सेवाएं हर समय सक्रिय हैं। यह व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तत्काल राहत मिल सके।

## एक नजर...

### डा. डिमरी को क्रिस्टियन हग्जेन मेडल मिला



**नैनीताल।** उत्तराखंड मूल के प्रख्यात भू विज्ञानी डा. विजय प्रकाश डिमरी को वर्ष 2026 के लिए यूरोपियन जियोसाइंस यूनियन के प्रतिष्ठित क्रिस्टियन हग्जेन मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान मिलने पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने प्रसन्नता व्यक्त की है। बताया है कि डच गणितज्ञ एवं वैज्ञानिक क्रिस्टियन हग्जेन के नाम पर दिया जाने वाला यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार उन्हें भूविज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। आईएसएम धनबाद से शिक्षा प्राप्त कर चुके डा. डिमरी को पूर्व में वर्ष 2010 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें बसंत सम्मान तथा देश के 100 श्रेष्ठ आईआईटी पूर्व छात्रों में शामिल होने का गौरव भी प्राप्त है। डा. डिमरी सीएसआईआर के निदेशक पद पर भी कार्य कर चुके हैं। डा. डिमरी को यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलने पर कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने खुशी जतायी है।

### कैलाश यात्रा का प्रथम दल कल होगा रवाना

**नैनीताल।** कुमाऊँ मण्डल विकास निगम लिमिटेड द्वारा संचालित आदि कैलाश/ओम पर्वत यात्रा का प्रथम दल शुक्रवार 8 मई शुक्रवार को प्रात: 8 बजे हल्द्वानी के तिकोनिया स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से अपनी यात्रा प्रारंभ करेगा। निगम के व्यवसाय विकास प्रबंधक दीपक पांडे ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालु पहले दिन कैंची धाम, चितई गोलू देवता मंदिर एवं जागेश्वर धाम के दर्शन करेंगे। इसके उपरांत दल पर्यटक आवास गृह जागेश्वर में मध्याह्न भोजन करेगा और फिर पिथौरागढ़ के लिए प्रस्थान करेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम यात्रा दल में कुल 20 यात्री शामिल हैं जिनमें 13 महिलाएं एवं 07 पुरुष यात्री हैं। निगम की ओर से यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

### भाजपाईयों की बैठक में कई मुद्दों पर हुआ मंथन

**नैनीताल।** भाजपा नैनीताल नगर मंडल की बुधवार को राज्य अतिथि गृह में आत्मनिर्भर मंडल मीटिंग के अंतर्गत संगठनात्मक बैठक हुई जिसमें भाजपा मंडल नैनीताल के समस्त पदाधिकारी और सभी मोर्चों के अध्यक्षों एवं महामंत्रियों की उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है यहां कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। बैठक का संचालन महामंत्री आशीष बजाज एवं हरीश सिंह राणा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बैठक में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए आगामी कार्यक्रमों एवं 2027 में आगामी विधानसभा चुनावों को जीतने के लिए विचार विमर्श एवं चर्चा की गई। बैठक में मोहित लाल साह, विक्रम राठौर, ज्योति ढौंडियाल, विकास जोशी, भारत सिंह मेहरा, ऋतुल कुमार, विकल कुमार, युवराज करायत, मयंक पंत, कृष्ण कुमार शर्मा, अमिता साह, हेमलता पांडे, मीरा बिष्ट, विजय आर्य, गौरव हार्पर, संजीव रस्तोगी, प्रदीप सिंह, मनसंजोक सिंह, राहुल जोशी, अनुराग वर्मा, आकांक्षा गोस्वामी, रमा तिवारी, नीरू पुजारी, हंसा, कमल जोशी, रेखा जोशी, ऋतिक गोस्वामी, शैलेश सिंह बिष्ट, दीपक कुमार, हरीश चंद्र बुधलाकोटी उपस्थित रहे।

## मेले हमारी संस्कृति के परिचायक: धनोला

■ मां कालिका मेले का किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** क्षेत्र के प्रसिद्ध मां कालिका मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शोभनी धनौला ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे पारंपरिक मेले हमारी संस्कृति की पहचान हैं और समाज में आपसी भाईचारा, सहयोग व एकता को मजबूत करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर इस प्रकार के आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और परंप. राओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। मेला संयोजक सुशील बहुगुणा ने बताया कि यह मेला क्षेत्र के लगभग 20-25 गांवों का प्रमुख केंद्र बन चुका है और इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बीच आपसी मेलजोल व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा कि यह मेला स्व. पुष्पा देवी की स्मृति में आयोजित किया जाता है, जिन्होंने सर्वोदय आंदोलन और शराबबंदी जैसे सामाजिक अभियानों में उल्लेखनीय कार्य किया। भाजपा चंबा मंडल अध्यक्ष नीरज खत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। छात्र नेता अक्षत बिजल्वाण ने कहा कि मेले युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं, जहां वे अपनी संस्कृति को समझते हैं और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होते हैं। पूर्व प्रधान सुधीर बहुगुणा ने स्व. पुष्पा देवी के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी समाज को प्रेरित कर रहे हैं। जीत राम कोठारी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और आपसी भाईचारा बढ़ता है।

इस अवसर पर मेला समिति के चमन कोठारी, राकेश बहुगुणा, महेश नेगी, प्रकाश बहुगुणा, विनोद कोठारी, अरविंद बहुगुणा, प्रवीण बहुगुणा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने प्रतिभाग कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और आयोजन को सफल बनाया। पुलिस प्रशासन जल संस्थान व नगर पालिका चम्बा का पूर्ण सहयोग रहा।

## 12 और निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस

**नैनीताल।** डीएम ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में सीईओ गोविंद राम जायसवाल द्वारा नैनीताल जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं जांच आख्या के आधार पर कार्यवाही करते हुए 12 निजी विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस प्राप्त करने वाले विद्यालयों में वेदान्तम इंटरनेशनल स्कूल जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा हल्द्वानी, चिल्ड्रन वैली पब्लिक स्कूल बरेली रोड हल्द्वानी, न्यू बाल संसार स्कूल तीनपानी हल्द्वानी, आरुष पब्लिक स्कूल हाथीखाल हल्द्वानी, जी किड्स पब्लिक स्कूल सुरभि काला. ॆनी मल्ली बमौरी हल्द्वानी, काठगोदाम पब्लिक जूनियर हाईस्कूल सुरभि कालोनी मल्ली बमौरी हल्द्वानी, लिटिल स्पार्कल एकेडमी मोटाहल्दू, मानस पब्लिक स्कूल निलियम कालोनी मानपुर वेस्ट हल्द्वानी, नेशनल पब्लिक स्कूल कुसुमखेड़ा हल्द्वानी, श्री कृपा पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, सेंट जॉर्ज स्कूल आरटीओ रोड हल्द्वानी, समिट पब्लिक स्कूल सीएमटी कालोनी डहरिया हल्द्वानी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर, भवाली एवं भीमताल क्षेत्र के 38 विद्यालयों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद् डोईवाला, देहरादून

पत्रांक : 146/ ठेकेदारी पंजीकरण/2026-27 दिनांक : 04.05.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् डोईवाला द्वारा निर्माण कार्यों के सम्पादनार्थ वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए **ठेकेदारी पंजीकरण उपविधि** मे दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत, ठेकेदारी पंजीकरण हेतु आवेदन, निर्धारित प्रारूप पर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 30.06.2026 तथा नवीनीकरण दिनांक 31.07.2026 तक प्राप्त कर जमा किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र नगर पालिका परिषद् डोईवाला से निर्धारित शुल्क रू. 25/- का भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। ठेकेदारी पंजीकरण हेतु अर्हतायें सम्बन्धी जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस मे जानी जा सकती है। निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन पंजीकरण हेतु प्राप्त नही किये जायेंगे।

**( एम.एल. शाह )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् डोईवाला**

**( नरेन्द्र सिंह नेगी )**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् डोईवाला**


### नैनीताल में युवक को अज्ञात लोगों ने पीटा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने मानसिक रूप से बीमार युवक को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने उपचार के बाद कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल निवासी गौरव कुमार मानसिक रूप से बीमार है जो कि महिलाओं की वेशभूषा धारण कर अकसर बाजार में घूमता रहता है। मंगलवार रात अज्ञात युवकों ने उसे पकड़ कर बुरी तरह पीट दिया।

## केदारनाथ में इंसानियत की मिसाल की पेश

■ कुछ ही घंटों में मिला लापता पालतू श्वान, पुलिस की तत्परता से लौटी मुस्कान,

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम यात्रा के दौरान जहां एक ओर लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन मुस्तैद है, वहीं दूसरी ओर रुद्रप्रयाग पुलिस मानवता और संवे. दनशीलता की मिसाल भी पेश कर रही है। ऐसा ही एक भावुक और सराहनीय मामला बुधवार को सामने आया, जब कुछ ही घंटों में लापता हुए एक पालतू श्वान को सकुशल बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार, केदारनाथ धाम परिसर से देवेश शुक्ला का लगभग 11 माह का लेब्राडोर नस्ल का पालतू कुत्ता अचानक लापता हो गया। आशंका जताई गई कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसे उठा लिया गया है। मामले की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम के माध्यम से चौकी भीमबली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी ने बिना समय गंवाए त्वरित एक्शन लेते हुए पुलिस टीम को सक्रिय किया। केदारनाथ पैदल मार्ग पर आने-जाने वाले सभी रास्तों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस की मुस्तैदी और सजगता का ही परिणाम रहा कि कुछ ही समय में उक्त श्वान भीमबली क्षेत्र में मिल गया, जहां वह यात्रियों के पीछे-पीछे चल रहा था और एक दुकान पर सुरक्षित बांधकर रखा गया था। पुलिस टीम ने श्वान को तत्काल सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर पीछे से आ रहे तीर्थ पुरोहित अंकुश शुक्ला, निवासी ग्राम रुद्रपुर (गुप्तकाशी) को सौंप दिया। अपने पालतू श्वान को सकुशल पाकर उनके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने रुद्रप्रयाग पुलिस की त्वरित कार्यवाही, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा की खुलकर सराहना की। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उनका पूरा परिवार इन दिनों केदारनाथ धाम में मौजूद है, जिस कारण घर पर श्वान की देखभाल करने वाला कोई नहीं था, इसलिए वे उसे अपने साथ यात्रा पर लेकर आए थे। यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि केदारनाथ यात्रा में तैनात पुलिस न केवल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए हुए है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363

**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**

मोबाइल-9720007290

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


## पालिकाध्यक्ष व टैक्सी चालकों में 'टक्कर'

**नैनीताल।** नैनीताल शहर में उस वक्त हालात तनावपूर्ण हो गए जब टीबी नंबर की टैक्सियों को माल रोड में प्रवेश से रोकने पर पालिका प्रशासन और टैक्सी कारोबारियों के बीच सीधा टकराव हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि गुस्साए टैक्सी चालक टोल चुंगी पर ही धरने पर बैठ गए जिससे लंबा जाम लग गया और यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। बता दें बुधवार को नैनीताल में टीबी टैक्सी वाहनों को रोकने को लेकर पालिका व टैक्सी कारोबारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो टैक्सी कारोबारी टोल चुंगी पर ही धरने पर बैठ गए जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष दीपक मटियाली ने आरोप लगाया कि टीबी नंबर के वाहनों का मामला फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है और 12 मई को फैसला आना है इसके बावजूद पालिका द्वारा इन वाहनों को मालरोड में घुसने से रोका गया। उनका कहना है कि बाहरी लोगों को पास दिए जा रहे हैं जबकि स्थानीय चालकों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पालिकाध्यक्ष ने यह कहकर गाड़ियां रोकीं कि टैक्सी कारोबारी कोर्ट में पालिका के खिलाफ गए हैं। दूसरी ओर मामले में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने स्पष्ट किया कि टैक्सी कारोबारियों के साथ पहले ही बैठक में यह तय हुआ था कि कोर्ट के आदेश तक पास जारी नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वे टोल पर चेकिंग के लिए पहुंची थीं जहां टैक्सी चालकों ने उन्हें घेर लिया और धरना शुरू कर दिया।

## एडीएम ने की एसडीआरएफ एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा, कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

■ वित्तीय वर्ष 2025-26 की योजनाओं पर सख्ती, एक सप्ताह में कार्य शुरू करने के निर्देश

**नई टिहरी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में एसडीआरएफ, नॉन-एसडीआरएफ, एसडीएमएफ मदों से स्वीकृत योजनाओं की समीक्षा बैठक आज अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में जनपद स्तर पर उक्त मदों के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न योजनाओं, कार्य की वर्तमान प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र नेगी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। स्वयं फील्ड में जाकर पूर्ण कार्यों का भौतिक सत्यापन करें। समीक्षा के दौरान पीएमजीएसवाई के अंतर्गत घनसाली क्षेत्र में गुट्टू मोटर मार्ग तथा जाखणीधार में पीटी सड़क की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जौनपुर क्षेत्र में कयारा मोटर मार्ग तथा चंबा क्षेत्र में चामनी मोटर मार्ग की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

खंड विकास अधिकारी, प्रतापनगर द्वारा मजाफ एवं तीनगढ़ में पेयजल लाइन मरम्मत तथा सिंचाई गूल की मरम्मत कार्यों की जानकारी दी गई। अपर जिलाधिकारी ने 57 अनारंभ कार्यों को एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ करने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या असंवेदनशीलता स्वीकार नहीं की जाएगी। जाखणीधार विकासखंड से धारकोट में प्राथमिक विद्यालय की दीवार मरम्मत का कार्य पूर्ण होना बताया गया, जबकि जौनपुर विकासखंड से नालाखाला क्षेत्र में क्षतिग्रस्त पुलिया का कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई। शेष योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

लघु सिंचाई विभाग के अधिकारी द्वारा कुल स्वीकृत 276 कार्यों में से 140 कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई। शेष कार्यों को अगले 10 दिनों के भीतर प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय खेती का है, अत: कहीं भी पेयजल या सिंचाई की समस्या उत्पन्न नहीं होनी चाहिए।

अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड टिहरी द्वारा 11 कार्यों के पूर्ण होने की जानकारी दी गई। बीडीओ नरेंद्रनगर द्वारा एक ग्राम पंचायत में पुलिया मरम्मत कार्य पूर्ण होने की सूचना दी गई, जबकि भिलंगना एवं थौलधार विकासखंडों से भी योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया।

थौलधार विकासखंड में 107 योजनाओं में कार्य पूर्ण होने तथा 67 योजनाओं में भौतिक रूप से कार्य पूर्ण होने के उपरांत निरीक्षण शेष होने की जानकारी दी गई, जिस पर अपर जिलाधिकारी ने 10 दिनों के भीतर निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान पेयजल निगम चंबा, लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान सहित अन्य विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग योगेश कुमार, सभी खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

